उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की चतुर्थ वित्त समिति की बैठक दिनांक 24–6–2009 को प्रमुख सचिव कक्ष में सम्पन्न हुई।
चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रमुख सचिव,<br>व्यावसायिक एवं प्राविधिक शिक्षा<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ<br>एवं<br>अध्यक्ष,<br>वित्त समिति<br>उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | विशेष सचिव, वित्त विभाग,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | निदेशक,<br>प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 | विशेष आमंत्रित |
| 4. | निदेशक,<br>एच0बी0टी0आई0,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 5. | निदेशक, प्रबन्धन संस्थान,<br>छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 6. | निदेशक,<br>यू0पी0टी0टी0आई0,<br>कानपुर। | सदस्य सचिव |

4.01 वित्त समिति की दिनांक 28-8-2008 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक में कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया गया।

4.02 वित्त समिति की दिनांक 28-8-2008 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक में लिये गये निर्णय पर कृत कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया गया। जिसपर समिति ने अपना अनुमोदन प्रदान किया।

| 4.03 | संस्थान को सुचारू रूप से चलाने हेतु विभिन्न मदों में व्यय की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान किये जाने पर विचार। |
|---|---|

संस्था के विभिन्न मदों में रू0 58,92,884.00 व्यय की जा चुकी है। जिनका विवरण निम्नवत् है।

| क0सं0 | मद का नाम | व्यय धनराशि (रूपयों में) |
|---|---|---|
| 1 | वेतन | 53,04,903.00 |
| 2 | कार्यालय व्यय | 78,057.00 |
| 3 | विद्युत | 3,23,000.00 |
| 4 | टेलीफोन | 11,197.00 |
| 5 | गाडियों का अनुरक्षण | 44,255.00 |
| 6 | विज्ञापन | 23,833.00 |
| 7 | सामग्री एवं सम्पूर्ति | 5,320.00 |
| 8 | यात्रा व्यय | 18,786.00 |
| 9 | चिकित्सा | 83,533.00 |
| | योग | 58,92,884.00 |

समिति के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। समिति ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार कर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

Scanned with OKEN Scanner

## 4.04 संस्थान की यूजर चार्जेज के मदवार विभाजन के पुनरीक्षित प्रस्ताव पर विचार।

वित्त समिति दिनांक 28.08.2008 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक में छात्र/छात्राओं से यूजर चार्जेज लिये जाने का अनुमोदन किया गया था, जिसका मदवार विभाजन का पुनरीक्षित प्रस्ताव निम्नवत् है।

| क्र0सं0 | मद का नाम | धनराशि (रूपयों में) |
|---|---|---|
| 1 | छात्र बीमा | 375.00 ✓ |
| 2 | ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट फीस | 300.00 |
| 3 | परिचय पत्र फीस | 50.00 |
| 4 | ✓ वार्षिक उत्सव | 250.00 ✓ |
| 5 | पत्रिका फीस | 200.00 |
| 6 | आन्तरिम परीक्षा संचालन फीस | 150.00 |
| 7 | चिकित्सा फीस | 500.00 ✓ |
| 8 | पुस्तकालय फीस | 1000.00 ✓ |
| 9 | क्रीडा शुल्क | 500.00 ✓ |
| 10 | प्रयोगशाला | 700.00 ✓ |
| 11 | प्रवेश फार्म तथा विवरण पुस्तिका | 150.00 |
| 12 | बस चार्जेज | 250.00 ✓ |
| 13 | इण्टरनेट | 1000.00 ✓ |
| 14 | विद्युत | 2500.00 ✓ |
| 15 | अनुरक्षण | 3500.00 |
| 16 | हॉबी | 250.00 |
| | योग- | 11675.00 |

समिति ने छात्रनिधियों के मदवार विभाजन के पुनरीक्षित प्रस्ताव पर विचार किया तथा अपना अनुमोदन प्रदान किया।

Scanned with OKEN Scanner

4.05 छात्रावास हेतु 2 वाटरकूलर क्रय किये जाने पर विचार।

महिला छात्रावास में लगा वाटरकूलर पूर्ण रूप से खराब हो गया है जिसको ठीक कराया जाना संभव नहीं है भीषण गर्मी को देखते हुए दो वाटरकूलर क्रय किया जाना आवश्यक है जिनका अनुमानित मूल्य रू0 0.88 लाख है। समिति ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया तथा अपनी सहमति प्रदान की।

4.06 छात्रावास हेतु फर्नीचर क्रय किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।

संस्था के छात्रावासों हेतु 300 कुर्सी 100 मेजें और 6 डाइनिंग टेबल से क्रय किया जाना अत्यंत आवश्यक है जिसकी कुल कीमत रू0 5,67,500.00 है। क्योंकि छात्रावास में फर्नीचर की बहुत कमी है। छात्रावास में रहने वाले छात्रों के सुविधा को ध्यान में रखते हुये समिति ने उपरोक्त प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

| 4.07 | संस्था परिसर में नयी पाइप लाइन बिछाये जाने पर विचार। |
|---|---|

संस्था की पाइप लाइन बहुत ही जर्जर अवस्था में है जिस कारण से संस्थान में निवास करने वाले कर्मचारियों/छात्र/छात्राओं को पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। इस कारण से नई पाइप लाइन बिछाया जाना अति आवश्यक है। जिसकी लागत रू0 10.00 लाख लगभग है। समिति ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया तथा अनुमोदन इस शर्त के साथ प्रदान किया कि उपरोक्त प्रस्ताव का आगणन जलसंस्थान से कराकर कार्य सम्पन्न कराया जाय।

Scanned with OKEN Scanner

| 4.08 | संस्था परिसर में नई विद्युत लाइन का डाला जाना। |
|---|---|

संस्था के विद्युत लाइन काफी पुरानी है। पूर्व समय में संस्था परिसर में दो छात्रावास तथा टाइप–1 के आवास एवं वर्कशाप हेतु लाइन दी गयी थी। वर्तमान में आवासीय भवन छात्रावास एवं अन्य निर्मित प्रयोगशालायें चालू हो गई हैं। सभी विभागों तथा आवासों के विद्युत व्यवस्था हेतु लाइन बदलना अति आवश्यक है। विद्युत लाइन बदलने में रू0 15.02 लाख व्यय होने का अनुमान है। समिति ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया तथा अपना अनुमोदन प्रदान किया।

| 4.09 | संस्था के प्रोफेसर/असिस्टेंट प्रोफेसर/लेक्चरर को बैठने हेतु चैम्बर/कक्ष बनवाये जाने पर विचार। |
|---|---|

संस्था में स्टाफ को बैठने हेतु कोई भी चैम्बर नहीं है। लैबों के अन्दर ही स्टाफ के बैठने की व्यवस्था अभी तक की जाती है। जबकि स्टाफ हेतु चैम्बर का होना आवश्यक है, जिसकी अनुमानित लागत रू0 5.00 लाख है। समिति ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया तथा अपनी असहमति व्यक्त की।

| 4.10 | मिनिस्टीरियल स्टाफ के बैठने की उचित व्यवस्था तथा कुर्सी मेज कय्र किये जाने पर विचार। |
|---|---|

संस्था के मिनिस्टीरियल स्टाफ के बैठने हेतु अलग–अलग काउन्टर बनबाना बहुत जरूरी है जिसकी कुल लागत रू0 3.00 लाख है। समिति ने मिनिस्टीरियल स्टाफ हेतु कुर्सी मेज कय किये जाने तथा काउन्टर बनवाने हेतु प्रस्ताव पर विचार किया तथा अपना अनुमोदन प्रदान किया।

Scanned with OKEN Scanner

| 4.11 | पुस्तकालय हेतु सी0सी0टी0वी0 कैमरा क्रय किये जाने पर विचार। |
| --- | --- |

संस्थान के पुस्तकालय में सी0सी0टी0वी0 कैमरा होना आवश्यक है क्योंकि संस्थान का पुस्तकालय एक विशिष्ट पुस्तकालय है जो एक विशेष विषय अर्थात टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी पर उत्कृष्ट किताबें संयोजित करता है। पुस्तकों की चोरी व फाड़े जाने की सम्भावना ज्यादा रहती है इसे रोकने के लिए एक सी0सी0टी0वी0 तथा 04 कैमरो की आवश्यकता है जिसकी कुल लागत लगभग रू0 65000.00 है। समिति ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया तथा अपनी असहमति व्यक्त की।

| 4.12 | संस्थान के वर्तमान निदेशक को मोबाइल सुबिधा उपलब्ध कराये जाने के प्रस्ताव पर विचार |
| --- | --- |

संस्थान के प्रतिदिन के कार्यो हेतु निदेशक को मोबाइल फोन की आवश्यकता रहती है। अतः समिति से अनुरोध है कि संस्था के निदेशक को एक मोबाइल क्रय करने तथा प्रतिमाह रू0 1000.00 की रिचार्ज कूपन की प्रतिपूर्ति हेतु समिति ने अपना अनुमोदन प्रदान किया।

Scanned with OKEN Scanner

## 4.13 वित्तीय वर्ष 2009–10 के लिये अनुमानित आय–व्यय विवरण पर विचार।

| मद सं0 | मद का नाम | वर्ष 2008–09 में वित्त समिति द्वारा अनुमोदित धनराशि(लाखों में ) | वर्ष 2008–09 में वास्तविक व्यय ( लाखों में ) | वर्ष 2009–10 में अनुमानित व्यय ( लाखों में ) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | वेतन, महंगाई भत्ते एवं अन्य भत्ते | 238.00 | 211.89 | 230.00 |
| 02 | मजदूरी | 10.50 | 10.29 | 12.00 |
| 03 | यात्रा व्यय | 1.50 | 0.70 | 1.00 |
| 04 | मानदेय | 5.00 | 1.16 | 5.00 |
| 05 | कार्यालय व्यय | 6.00 | 4.75 | 8.00 |
| 06 | टेलीफोन व्यय | 1.00 | 0.60 | 1.00 |
| 07 | गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद | 3.00 | 1.67 | 2.00 |
| 08 | किराया उपशुल्क कर स्वामित्व जल कर/जल प्रभार | 3.50 | 3.50 | 3.50 |
| 09 | विज्ञापन | 5.00 | 2.66 | 2.50 |
| 10 | अतिथि व्यय | 0.00 | 0.00 | 1.00 |
| 11 | भवनों ,सड़को मशीनों आदि का रखरखाव | 8.50 | 3.02 | 2.00 |
| 12 | सामग्री एवं सम्पूर्ति/ विभागीय शैक्षिक व्यय | 3.00 | 1.16 | 2.00 |
| 13 | अन्य एवं विविध व्यय | 0.00 | 0.00 | 1.50 |
| 14 | प्रशिक्षण व्यय | 0.00 | 0.00 | 1.00 |
| 15 | कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का कय | 0.00 | 0.00 | 5.00 |
| 16 | चिकित्सा पर व्यय | 3.00 | 1.71 | 2.00 |
| 17 | वर्दी | 0.00 | 0.00 | 0.50 |
| 18 | विद्युत | 15.00 | 15.00 | 20.00 |
| 19 | खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम | 2.00 | 1.21 | 2.00 |
| 20 | इण्टरनेट | 1.50 | 0.11 | 3.00 |
| 21 | पुस्तकालय व्यय | 2.58 | 2.83 | 4.00 |
| 22 | अशंकालीन चिकित्सक | 0.96 | 0.00 | 2.00 |
| | | 310.04 | 262.26 | 311.00 |

समिति के समक्ष संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिस पर समिति ने अपना अनुमोदन प्रदान किया।

| | |
|---|---|
| 4.14 | 02 वाटर प्यूरीफायर एक्वागार्ड क्रय किये जाने के प्रस्ताव पर विचार। |

संस्थान के छात्र/छात्राओं को स्वच्छ चल उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 2 वाटर प्यूरीफायर एक्वागार्ड क्रय किये जाने का प्रस्ताव है जिसकी अनुमानित लागत रू0 0.15 लाख है। समिति ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया तथा अपना अनुमोदन प्रदान किया।

| | |
|---|---|
| 4.15 | लाईब्रेरी साफ्टवेयर के क्रय किये जाने के प्रस्ताव पर विचार। |

संस्थान के पुस्तकालय की सुबिधाओं के उच्चीकरण हेतु पुस्तकालय का ऑटोमेशन होना अति आवश्यक है जिसके लिए आधुनिकतम तकनीक पर आधारित साफ्टवेयर क्रय करने की आवश्यकता है।, जिसकी अनुमानित लागत रू0 4.00 लाख है। समिति ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया तथा अपना अनुमोदन प्रदान किया।

| | |
|---|---|
| 4.16 | अन्य कोई विषय माननीय अध्यक्ष/उपाध्यक्ष महोदय की अनुमति से। |

माननीय सदस्यों द्वारा बैठक के अन्त में अन्य किसी विषय पर विचार विमर्श नहीं किया गया तथा बैठक अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई।

वृन्दा स्वरूप

(वृन्दा स्वरूप)

प्रमुख सचिव
अध्यक्ष वित्त समिति

(प्रमोद कुमार)
निदेशक
सदस्य सचिव

Scanned with OKEN Scanner